सर्वोच्च न्यायालय-कोलकाता मामला

सर्वोच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल गठित किया है। मुख्य न्यायधीश डी.वाई. चन्द्रचूड के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने कोलकाता के अस्पताल में एक डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले की आज सुनवाई के दौरान कार्यबल से तीन सप्ताह के भीतर अपनी अंतरिम और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायधीश ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अदालत देशभर से डॉक्टरों का एक राष्ट्रीय कार्यबल सृजित कर रही है। ये कार्यबल ऐसे दिशा-निर्देशों की सिफारिश करेगा, जो पूरे देश में लागू होंगे।

देशभर के डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों के असुरक्षित कामकाजी माहौल पर चिन्ता व्यक्त करते हुए न्यायालय ने कहा कि वर्तमान कानून डॉक्टरों की सांस्थानिक सुरक्षा को सही प्रकार से व्यक्त नहीं करते हैं।

छतरपुर हादसा

छतरपुर जिले में आज तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए।। दुर्घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर ग्राम कदारी के पास हुई। बागेश्वर धाम जा रहे उत्तर प्रदेश के 13 श्रद्धालुओं से भरे एक ऑटो की ट्रक से भिड़ंत हो गई। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें चार की हालत गंभीर है, जिन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है।
छतरपुर के पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि हादसे में पांच लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई थी, जबकि दो ने अस्पताल में दम तोड़ा। सभी श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि छतरपुर जिला अंतर्गत खजुराहो-झांसी हाइवे पर महोबा रेलवे स्टेशन से बागेश्वर धाम जाते समय हुए सड़क हादसे में ऑटो में सवार उत्तर प्रदेश के सात लोगों की असामयिक

मृत्यु एवं छह लोगों के घायल होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मृतकों की पहचान एवं परिजनों से संपर्क हेतु उप्र सरकार से संपर्क में हैं। गंभीर घायलों को ग्वालियर रेफर किया गया है। घायलों के समुचित इलाज के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है।

वारंट

वारंट और समन की तामील के लिए ई-तकनीक का उपयोग करने के मामले में मध्यप्रदेश, देश का पहला राज्य होगा । प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि वारंट और समन की तामील के लिए ई-तकनीक का उपयोग किया जाएगा। जिससे सभी प्रक्रियाओं का त्वरित और प्रभावी पालन सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तकनीक के इस नवीन प्रयोग के लिए बधाई दी है।

यूपीएससी

सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) से हाल ही जारी किये गए लैटरल एंट्री से संबंधित विज्ञापन रद्द करने को कहा है। यूपीएससी ने केंद्रीय मंत्रालयों में 45 संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया था। , जिस पर विपक्षी दलों ने सवाल उठाए हैं। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी की चेयरमैन प्रीति सूदन को पत्र लिखकर इसे रद्द करने को कहा है।

भुजरिया

प्रदेश के कई जिलों में आज रक्षाबंधन के दूसरे दिन भुजरिया पर्व मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ड़ॉ. मोहन यादव ने उत्साह, उमंग और समृद्धि के पावन पर्व भुजरिया की सभी प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। उन्होंने कहा कि प्रकृति प्रेम और लोक संस्कृति के इस अनुपम पर्व पर यही मंगल कामना है कि समस्त प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली आये। शिवपुरी में भुजरिया तालाब पर पूजा की जाती है। इसपर्व पर दूर-दूर से ग्रामीण जुटते हैं। यहां मेला लगाया गया है। देवास जिले के ग्रामीण अंचल और निमाड़ में भी इस पर्व को मनाया जा रहा है।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो गया है। भोपाल और इंदौर में आज सुबह से बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अशोकनगर, छतरपुर, सतना, बालाघाट, धार, खरगोन, देवास, खंडवा और बुरहानपुर में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, कल से बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम बनेगा। इससे प्रदेश के कई जिलों में बारिश होगी। इस बीच कल उज्जैन, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर में दिन का तापमान 34 डिग्री के पार रहा। वहीं, नर्मदापुरम, शिवपुरी, मंडला, रीवा, सतना और सिवनी में बारिश हुई। सिवनी में पौन इंच पानी गिर गया।

नर्मदापुरम के तवा डैम के कल रात 13 में से 5 गेट खोल दिए गए। नीमच में भी लंबे अंतराल और उमस भरी गरमी के बाद आज दोपहर में बारिश होने लोगों ने राहत की सांस ली।